महिला कॉलेज में चल रही एडमिशन प्रक्रिया

रतिया/कृष्ण मोंगा। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया मे सत्र 2022-23 में बीए व बी.कॉम प्रथम वर्ष में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकुला द्वारा 01 से 08 तक निर्धारित की गई है। इसी प्रक्रिया के तहत महाविद्यालय में छात्राएँ ऑनलाइन फार्म भर रही है। प्राचार्य डॉ रविन्द्र पुरी ने अपने संदेश में कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं के लिए योग्य स्टॉफ, पढाई के लिए अच्छा वातावरण, कलास रूम, पुस्तकालय, कम्प्यूटर, लैंग्वेज व भूगोल प्रयोगशाल और अन्य मूलभूत सुविधाएं है। जिससे छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में सरलत रहेगी। महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम भी शानदार रहे है।